बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

निगमित संप्रेषण एवं निवेशक संबंध
प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे – 5
फोन: 020-25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार. 495

प्रेस विज्ञप्ति

बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा 'रिटेल बोनान्जा-मानसून धमाका' ऑफर

पुणे, 5 अगस्त, 2021: बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) देश का सार्वजनिक क्षेत्र का एक प्रमुख बैंक है। बैंक ने 9 अगस्त, 2021 से **'रिटेल बोनान्ज़ा-मानसून धमाका'** ऑफर की घोषणा की है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 30 सितंबर, 2021 तक अपने गोल्ड, हाउसिंग और कार ऋण के लिए प्रोसेसिंग शुल्क में छूट दी है।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र त्योहारों के इस मौसम के दौरान अपने रिटेल ग्राहकों के बीच खुशी और उत्साह लाने के लिए कई विशेष ऑफर प्रस्तुत कर रहा है। बैंक आवास ऋण और कार ऋण पर क्रमशः 6.90% और 7.30% से आरंभ होने वाली ब्याज दर प्रदान कर रहा है। रिटेल उत्पादों पर कई आकर्षक रियायतें प्रदान की गई हैं जैसे आवास ऋण में नियमित पुनर्भुगतान पर दो निःशुल्क ईएमआई, कार और आवास ऋणों में 90% तक की ऋण सुविधा, कोई पूर्व-भुगतान/ पूर्व-समापन/ आंशिक भुगतान प्रभार नहीं आदि।

बैंक ने अपनी स्वर्ण ऋण योजना को भी बेहतर बनाया है, जिसमें 7.10% की आकर्षक ब्याज दर पर रु.एक लाख तक के शून्य प्रोसेसिंग शुल्क सहित रु.20 लाख तक का ऋण प्रस्तावित है। बैंक की चुनिंदा शाखाओं में बैंक का समर्पित 'गोल्ड लोन पॉइंट' काउंटर उपलब्ध है, जो 15 मिनट के भीतर गोल्ड लोन की सुविधा प्रदान करता है।

श्री हेमन्त टम्टा, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने कहा कि “त्योहारों के इस मौसम के लिए **रिटेल बोनान्जा-मानसून धमाका** ऑफर के साथ, हम अपने ग्राहकों को स्वर्ण, आवास और कार ऋण प्राप्त करने के लिए एक आकर्षक सौगात देना चाहते हैं, जिससे हमारे ग्राहक कम दरों और प्रोसेसिंग शुल्क की छूट के प्रस्ताव से लाभान्वित होंगे।”